भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 364 | बिजौलिया - बुधवार, 22 जुलाई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## नीट विवाद पर केंद्र सरकार घिरीः धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़े गहलोत, बोले- सरकार की चुप्पी ने बिगाड़े हालात

### पूर्व मुख्यमंत्री का आरोप लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़, लोकतंत्र में संवाद की जगह लाठीचार्ज नहीं होना चाहिए

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को जयपुर स्थित अपने सरकारी आवास 49 सिविल लाइंस पर मीडिया से बातचीत करते हुए नीट (NEET) परीक्षा विवाद को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर केंद्र सरकार की लगातार चुप्पी ने हालात ऐसे बना दिए कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित विपक्ष के कई सांसदों को प्रधानमंत्री आवास के सामने धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा।

गहलोत ने कहा कि वह लंबे समय से चेतावनी देते आ रहे हैं कि देश किस दिशा में जा रहा है, यह किसी को समझ नहीं आ रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मामले में सरकार पूरी तरह विफल रही। यह केवल परीक्षा का मुद्दा नहीं, बल्कि लाखों छात्रों के भविष्य का सवाल है। इसके बावजूद सरकार ने समय रहते न तो कोई ठोस कदम उठाया और न ही आंदोलनरत छात्रों से संवाद स्थापित किया।

उन्होंने कहा कि कई छात्र 15 से 20 दिनों तक भूख हड़ताल पर बैठे रहे, लेकिन सरकार का कोई मंत्री या अधिकारी उनसे मिलने तक नहीं पहुंचा। राहुल गांधी लगातार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते रहे, लेकिन सरकार की ओर से न तो कोई जवाब आया और न ही कोई कार्रवाई हुई।


पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या हो सकती है कि विपक्ष के शीर्ष नेताओं को प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना देना पड़े। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का दावा करते हैं, लेकिन देश के भीतर जिस प्रकार का व्यवहार सरकार कर रही है, उससे उन दावों की पोल खुल चुकी है। गहलोत ने कहा कि देशभर के युवाओं और छात्रों में जबरदस्त आक्रोश है, जिसका सरकार सही आकलन नहीं कर पा रही। उन्होंने कहा कि यदि सरकार लोकतंत्र में विश्वास रखती है तो उसे छात्रों की भावनाओं को समझना होगा और उनकी बात सुननी होगी।

**'दिल्ली में छात्रों पर बेरहमी से हुआ लाठीचार्ज'**

गहलोत ने दिल्ली में हुए छात्र प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि हजारों छात्रों पर पुलिस ने बेरहमी से लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। उन्होंने कहा कि छात्राओं और कम उम्र के विद्यार्थियों तक को नहीं बख्शा गया। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है।

**बैरिकेड और सीसीटीवी हटाने पर भी उठाए सवाल**

पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड हटाने और सीसीटीवी कैमरे हटाए जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सामान्य स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जाती है, लेकिन यहां उल्टा बैरिकेड हटाए गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि आंदोलन को बदनाम करने और बाद में पुलिस कार्रवाई को उचित ठहराने के लिए ऐसा किया गया। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की।



**'सरकार को संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए'**

गहलोत ने कहा कि देशभर से छात्र अपनी आवाज उठाने दिल्ली पहुंचे। कई छात्र अपने अभिभावकों की इच्छा के विरुद्ध भी आंदोलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अब जब सरकार के मंत्री आंदोलनकारियों से मिलने पहुंच रहे हैं, तो यह सवाल उठता है कि पहले संवाद क्यों नहीं किया गया। उन्होंने केंद्र सरकार से छात्रों की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान निकालने की अपील की।


## महावीर पार्क के पास युवक पर चाकू से हमला, बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

भीलवाड़ा के कोतवाली थाना क्षेत्र के व्यस्ततम मुख्य बाजार महावीर पार्क के पास दिनदहाड़े चाकूबाजी की घटना सामने आई है। शहर में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच मंगलवार शाम हुई इस वारदात ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। महावीर पार्क के निकट एक युवक पर मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि घायल युवक को उपचार के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी हनुमान सिंह मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। दिनदहाड़े हुई इस चाकूबाजी की घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, महावीर पार्क के पास पुरानी रंजिश के चलते विशाल शर्मा पिता रामप्रसाद शर्मा निवासी कंवलियास



हाल निवासी सुवाणा पर मोटरसाइकिल से आए तीन युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि आकाश प्रजापत, रवि गाडरी और उनके एक अन्य साथी ने विशाल शर्मा पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल विशाल शर्मा को उसके दोस्तों ने तत्काल इलाज के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और घायल से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

## गाय को बचाने के प्रयास में बाइक सवार गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव**

नेशनल हाईवे-758 पर कांदा चौराहे के पास मंगलवार सुबह गाय को बचाने के प्रयास में एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार घायल की पहचान बिहार निवासी सत्येंद्र सिंह राजपूत (45) के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे सवाईपुर चिकित्सालय पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान सिर में गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों



ने उसे 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भीलवाड़ा रेफर कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक सड़क पर गाय आने से बाइक चालक उसे बचाने के प्रयास में संतुलन खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ।

## महिला की संदिग्ध मौत के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष, कुल्हाड़ी-तलवार से हमला; 4 गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के ककरोलिया माफी गांव में महिला की संदिग्ध मौत के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है । मृतका के ससुराल वालों पर पीहर पक्ष के लोगों ने कुल्हाड़ी, तलवार, डंडों और पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सुचना पर कोटड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, वही मृतका के पिता ने बेटी की मौत पर शंका जाहिर करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव पीहर पक्ष के सुपुर्द किया । थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि थाना क्षेत्र के ककरोलिया माफी गांव में लक्ष्मी (40 वर्ष) पत्नी सितारिया बागरिया को सुबह अचानक छाती और गले में तेज दर्द की शिकायत हुई । इसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के लिए सवाईपुर व फिर बनकाखेड़ा ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई । पीड़ित सिताराम बागरिया ने बताया की बनकाखेड़ा



से शव को पीहर पक्ष के साथ जब वे घर लाकर सुला रहे थे, तभी मृतका के पीहर पक्ष राजपुरा, कांदा के अमरा, भैरु, नंदा, कालू आदि कई परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हमला बोल दिया । पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने कुल्हाड़ी, तलवार, लकड़ी, लोहे के रोड और ईंट-पत्थर से अचानक हमला कर दिया। हमले में रामलाल पिता भेरु बागरिया उम्र 27 वर्ष, भैरू पिता देवी बागरिया उम्र 68 वर्ष, सितारिया पिता देबी बागरिया उम्र 40 वर्ष, ममता पुत्र भेरू बागरिया उम्र 18 वर्ष के सिर फूट गए और हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं, घायलों व मृतका का कोटड़ी चिकित्सालय में भेजा गया । जहां उपचार के बाद रामलाल और भेरू को भीलवाड़ा भेजा गया ।।

**पिता ने जाहिर की मौत शंका, उचित कार्रवाई की मांग की**

दिवान गजराज सिंह ने बताया कि पुलिस मृतका लक्ष्मी के शव को लेकर कोटड़ी चिकित्सालय में गई, जहां पीहर पक्ष और ससुराल पक्ष के बीच आपसी सहमति नहीं होने पर पोस्टमार्टम में देरी हुई, शाम करीब 6:00 बजे के शव का पोस्टमार्टम किया गया, मृतका लक्ष्मी के पिता अमरा बागरिया के आने पर शव का पोस्टमार्टम किया गया, पिता अमरा बागरिया निवासी राजपुरा, कांदा ने रिपोर्ट दी और बेटी की मौत पर शंका जाहिर करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव पिता के सुपुर्द किया, जहां पीहर राजपुरा गांव में शव का दाह-संस्कार किया गया । पुलिस ने पीहर पक्ष की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।।

## मेजा बांध पर जल सुरक्षा प्रशिक्षणः बोट चालकों को रेस्क्यू और सीपीआर का दिया प्रशिक्षण



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बरसात के मौसम में जल दुर्घटनाओं की रोकथाम और लोगों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को मेजा बांध पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कमांडेंट जयपुर के निर्देश पर ई कंपनी की रेस्क्यू टीम ई-4 ने सिविल डिफेंस के सहयोग से बोट चालकों, मछुआरों और स्थानीय लोगों को जल सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू तकनीक और सीपीआर की जानकारी दी।

रेस्क्यू टीम ने बोट चालकों को निर्देश दिए कि बोटिंग के दौरान प्रत्येक यात्री को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट पहनाई जाए तथा क्षमता से अधिक लोगों को बोट में नहीं बैठाया जाए। साथ ही तेज हवा, ऊंची लहरों और खराब मौसम के दौरान बोटिंग पूरी तरह बंद रखने की हिदायत दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान पानी में डूब रहे व्यक्ति को सुरक्षित तरीके से बचाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। टीम ने लाइफ बॉय, रस्सी और बांस की सहायता से रेस्क्यू करने तथा पानी से बाहर निकालने के बाद जरूरत पड़ने पर सीपीआर देने की विधि भी सिखाई।

रेस्क्यू टीम ने आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेने, उपलब्ध रेस्क्यू उपकरणों का सही उपयोग करने और किसी भी दुर्घटना की स्थिति में तत्काल प्रशासन एवं रेस्क्यू टीम को सूचना देने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बोट चालक, मछुआरे और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## 22 फीट ऊंचाई से गिरा मजदूर जिंदगी की जंग हाराः मौत के बाद अस्पताल में हंगामा, मुआवजे की मांग पर धरना


**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी**

फुलियाकलां थाना क्षेत्र के गणपतिया खेड़ा गांव में 10 जुलाई को पेंटिंग कार्य के दौरान हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल मजदूर की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन और कोली समाज के सैकड़ों लोग भीलवाड़ा जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंच गए और निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। स्थिति को देखते हुए अस्पताल परिसर में पुलिस और आरएसी का जाप्ता तैनात करना पड़ा।

पुलिस के अनुसार भीलवाड़ा शहर के रामदेव मंदिर कोली मोहल्ला निवासी दीपक कुमार पुत्र नाथूलाल गैंडावध कोली गणपतिया खेड़ा में एक मकान पर रंग-रोगन का कार्य कर रहा था। वह करीब 22 फीट ऊंचाई पर झूले के सहारे पेंटिंग कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे ट्रैक्टर की चपेट में झूला आने से वह नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। पहले उसे शाहपुरा अस्पताल और बाद में भीलवाड़ा रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।





**पोस्टमार्टम से किया इनकार, मुआवजे की मांग**

मौत के बाद कोली समाज के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। समाज के पदाधिकारियों ने मृतक के परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को रोजगार तथा ट्रैक्टर चालक और मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अस्पताल परिसर में कई घंटे तक धरना और नारेबाजी होती रही।

**समझौते के बाद खत्म हुआ धरना**

प्रशासन, समाज के प्रतिनिधियों और संबंधित पक्ष के बीच हुई वार्ता के बाद समझौता हुआ। समझौते के तहत मृतक के परिजनों को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने और उपचार में हुए खर्च का वहन करने पर सहमति बनी। इसके बाद समाज ने धरना समाप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सहमति दी।

**पहले से दर्ज है मामला**

फुलियाकलां थाना पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद मृतक के भाई की रिपोर्ट पर पहले ही मामला दर्ज किया जा चुका है। अब युवक की मौत के बाद प्रकरण में आवश्यक धाराएं जोड़कर जांच आगे बढ़ाई जाएगी। मामले की जांच एएसआई सोराज कर रहे हैं।

# कल्याणपुरा में पैंथर की दहशतः 3 बछड़ों का किया शिकार, ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पिंजरा लगाने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश** ।उपखंड क्षेत्र के कल्याणपुरा गांव में पिछले चार-पांच दिनों से पैंथर की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि पैंथर अब तक तीन गायों के बछड़ों का शिकार कर चुका है। खतरे को देखते हुए ग्रामीणों ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी स्वाति झा को ज्ञापन सौंपकर वन विभाग से पिंजरा लगवाकर पैंथर को पकड़ने की मांग की।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि पैंथर कई दिनों से गांव के आसपास विचरण कर रहा है, जिससे लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 20 जुलाई को पैंथर गांव के राजकीय विद्यालय की दीवार पर भी दिखाई दिया था। इससे विद्यालय में पढ़ने



वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि विद्यालय परिसर के चारों ओर सत्यानाशी की ऊंची झाड़ियां उगी हुई हैं, जिससे दूर तक दिखाई नहीं देता और किसी भी समय हादसे की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से विद्यालय के पास पिंजरा लगाकर पैंथर को पकड़ने तथा वन विभाग की टीम से तत्काल कार्रवाई करवाने की मांग की है,

# देवडूंगरी विवाद पर सड़कों पर उतरा सर्व समाज, पंचायत चौक से एसडीएम कार्यालय तक रैली; महिलाओं-बच्चों समेत सैकड़ों लोग शामिल









**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**नरेश/शुभम** । कस्बे के देवडूंगरी स्थित धार्मिक स्थल को लेकर चल रहा विवाद मंगलवार को और गहरा गया। सर्व समाज के समर्थन में सैकड़ों ग्रामीण पंचायत चौक पर एकत्रित हुए और वहां से उपखंड कार्यालय तक विशाल रैली निकालकर उपखंड अधिकारी स्वाति झा को ज्ञापन सौंपा। रैली में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारी 'देवडूंगरी हमारी है ', 'देवडूंगरी बिजोलिया की है' और धार्मिक स्थल की रक्षा के समर्थन में नारे लगाते हुए आगे बढ़े। आंदोलन के समर्थन में बिजौलिया कस्बे के अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान भी बंद रहे। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस और प्रशासन की निगरानी में स्थिति शांतिपूर्ण रही।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम देवडूंगरी भीलपुरिया की धाटी स्थित भगवान श्री देवनारायण मंदिर, श्री हनुमानजी मंदिर, अन्य देवी-देवताओं के चबूतरे तथा माता बांक्या रानी का स्थान प्राचीनकाल से सर्व समाज की आस्था का केंद्र रहे हैं। इन धार्मिक स्थलों का निर्माण, विकास एवं जीर्णोद्धार समय-समय पर सर्व समाज के सहयोग से हुआ है। इसलिए यह सार्वजनिक धार्मिक स्थल है और किसी एक व्यक्ति, परिवार या वर्ग विशेष का इस पर अधिकार नहीं हो सकता।ग्रामीणों ने बताया कि भगवान श्री देवनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए तत्कालीन राजपरिवार ने सुर्तनिया परिवार को सेवायत (पुजारी) नियुक्त किया था। उनका कहना है कि यह नियुक्ति केवल धार्मिक सेवाओं के लिए थी, इससे मंदिर या सार्वजनिक भूमि पर स्वामित्व का अधिकार प्राप्त नहीं होता।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग सामूहिक विवाह सम्मेलन के नाम पर सार्वजनिक भूमि पर निजी अधिकार स्थापित करने और कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही माता बांक्या रानी मंदिर के निर्माण में भी बाधा उत्पन्न की जा रही है। विरोध करने पर अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की घटनाएं होने का भी आरोप लगाया गया।

ज्ञापन में प्रशासन से विवादित भूमि का राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर सीमांकन कराने, अवैध अतिक्रमण हटाने, सार्वजनिक धार्मिक स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा माता बांक्या रानी मंदिर से जुड़े विवाद की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण, कब्जे और कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग भी की गई।

### एसडीएम ने कहा दोनों पक्षों के ज्ञापन मिले, मामला कलेक्टर को भेजा

उपखंड अधिकारी स्वाति झा ने बताया कि इस मामले में सर्व समाज के साथ-साथ देवनारायण गुर्जर सेवा संस्थान की ओर से भी ज्ञापन प्राप्त हुआ है। पूरे प्रकरण से जिला कलेक्टर को अवगत करा दिया गया है।

उन्होंने कहा कि विवादित भूमि राजकीय भूमि है। यदि वहां किसी प्रकार का नया निर्माण कराया जाना है तो संबंधित पक्ष को जिला कलेक्टर से नियमानुसार अनुमति लेनी होगी। प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि मामले में नियमानुसार जांच और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर परिसर में मिले अज्ञात व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत, पुलिस ने परिजनों की तलाश शुरू की

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

कस्बे के विंध्यवासिनी माताजी मंदिर परिसर में बीमार एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ अवस्था में मिले एक अज्ञात व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को उप जिला चिकित्सालय बिजोलिया की मोर्चरी में रखवाकर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

हेड कांस्टेबल जुगराज सिंह ने बताया कि 20 जुलाई को बूंदी पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि बिजोलिया से उपचार के लिए रेफर किए गए अज्ञात व्यक्ति की बूंदी में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। सूचना के बाद पुलिस ने जांच की तो सामने आया कि उक्त व्यक्ति कुछ दिन पहले विंध्यवासिनी माताजी मंदिर परिसर में मिला था। वह अपना नाम-पता बताने में असमर्थ था और मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था। उसे पहले उप जिला चिकित्सालय बिजोलिया में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते बूंदी रेफर किया गया था।

पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष, लंबाई लगभग 5 फीट 7 इंच, रंग सांवला तथा शरीर मध्यम एवं दुबला-पतला है। उसके चेहरे पर काली दाढ़ी-मूंछ है। उसने टी-शर्ट और पैंट पहन रखी थी तथा दाहिने हाथ पर हिंदी में 'गोलू' लिखा हुआ है।

# महंत श्यामसुंदर दास ने सौंपे 51 हजार गौभक्तों के हस्ताक्षर पत्र

**हरिसेवा धाम में 27 जुलाई को होगा हजारों गौभक्तों का समागम**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

संपूर्ण भारत में चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण की एक बैठक नरसिंह द्वारा मंदिर पर आयोजित की गई । बैठक में महंत श्याम सुंदर दास ने गौ महिमा का बखान कर गौ सम्मान आह्वान अभियान के जिला प्रचारक संत गोवत्स श्री लाल जी महाराज को तहसील के गौभक्तों द्वारा करवाए गए 51 हजार हस्ताक्षर के हस्ताक्षर पत्र सौंपे गए। अभियान के जिला संगठन प्रभारी बाबू लाल टांक , संत लाल जी महाराज, जिला प्रभारी जगदीश तेली द्वारा जिले की सभी तहसीलों में प्रवास कर गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत 27 जुलाई को होने वाली संकीर्तन प्रार्थना रैली में पधारने का निमंत्रण प्रदान किया जा रहा है। बैठक में रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर विश्वप्रताप सिंह व नंद किशोर तेली ने भी बैठक को संबोधित किया । बैठक में कई गौ भक्तों के साथ नगर के नागरिक गण उपस्थित रहे।

# एमजी अस्पताल में सरकारी सामान चोरी की दो कोशिशें, एक दिन में दो घटनाओं से मचा हड़कंप

**लोडिंग टेंपो में सरकारी सामान ले जाते पकड़ा गया, कुछ घंटे बाद वार्ड लेडी कबाड़ के साथ धराई; पुलिस में शिकायत की तैयारी**


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

महात्मा गांधी (एमजी) अस्पताल में मंगलवार को सरकारी संपत्ति की सुरक्षा पर सवाल खड़े करने वाली दो घटनाएं सामने आईं। पहले अस्पताल परिसर से सरकारी सामान लोडिंग टेंपो में भरकर बाहर ले जाने की कोशिश पकड़ी गई, वहीं कुछ घंटे बाद एक वार्ड लेडी कबाड़ का सामान बाहर ले जाते हुए पकड़ में आ गई। दोनों घटनाओं के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया है और मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार अस्पताल के पिछले हिस्से में बने चैनल गेट से बिना अनुमति पुरानी टेबल, पंखे, व्हीलचेयर सहित अन्य सामान एक लोडिंग टेंपो में भरकर बाहर ले जाया जा रहा था। मुख्य परिसर से निकलने से पहले ड्यूटी पर तैनात दो





कर्मचारियों को संदेह होने पर उन्होंने वाहन रुकवाया और चालक से सामान ले जाने संबंधी अनुमति व दस्तावेज मांगे। चालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिसके बाद पूरा सामान वापस अस्पताल के स्टोर में उतरवा दिया गया।

इसी घटना के कुछ घंटे बाद अस्पताल परिसर में दूसरी घटना सामने आई। अस्पताल में कार्यरत एक वार्ड लेडी कबाड़ का सामान बाहर ले जाने का प्रयास कर रही थी। ड्यूटी पर मौजूद होमगार्ड जवान ने उसे रोककर पूछताछ की तो वह सामान वहीं छोड़कर मौके से चली गई। एक ही दिन में सामने आई इन दोनों घटनाओं ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों का कहना है कि बिना किसी आंतरिक सहयोग के अस्पताल परिसर से इस तरह सरकारी सामान बाहर ले जाना आसान नहीं है। अस्पताल में सरकारी सामान और कबाड़ के गायब होने की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं।

नियमानुसार किसी भी सरकारी संपत्ति, चाहे वह उपयोग में हो या कबाड़, को सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति एवं निर्धारित प्रक्रिया के बिना परिसर से बाहर नहीं ले जाया जा सकता।

वहीं इस संबंध में अस्पताल के पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में व्यस्त होने के कारण बात नहीं हो सकी ।

# छोटी बिजोलिया में ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर, 22 विभागों ने सुनीं समस्याएं; कई प्रकरणों का मौके पर निस्तारण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

उपखंड क्षेत्र की छोटी बिजोलिया ग्राम पंचायत में मंगलवार को ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 22 विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर विभिन्न योजनाओं से जुड़े प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया।

शिविर में पंचायतीराज विभाग ने स्वामित्व योजना के तहत दो पट्टे जारी किए। वहीं व्यक्तिगत शौचालय के चार आवेदन स्वीकार किए गए तथा एक विवाह प्रमाण पत्र और एक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया।

राजस्व विभाग ने दो रास्तों का चिन्हीकरण कर उनका निस्तारण किया। ई-धरती पोर्टल पर दर्ज 11 प्रकरणों का चिन्हीकरण कर सभी प्रकरणों का निस्तारण किया गया। योजना विभाग ने जनआधार में आठ नए नाम जोड़े तथा 13 जनआधार कार्डों में संशोधन किए। कृषि विभाग ने 70 किसानों को विभिन्न



योजनाओं का लाभ दिलाया और 46 किसानों को फसली ऋण संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया। इसके अलावा अन्य विभागों से संबंधित कई प्रकरणों का भी मौके पर समाधान किया गया।

शिविर में उपखंड अधिकारी एवं शिविर प्रभारी स्वाति झा, तहसीलदार ललित डीडवानिया, सहायक विकास अधिकारी गोपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।




QUICK BITES

## दलहनी फसलों से बढ़ेगी किसानों की आय, सरकारी योजनाओं का उठाएं पूरा लाभः कृषि अधिकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



**( रोशन वैष्णव)** बरूंदनी गांव में दलहनी फसल आत्मनिर्भरता मिशन के तहत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों, दलहनी फसलों के उन्नत उत्पादन तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर आत्मनिर्भर खेती की दिशा में प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में सहायक कृषि अधिकारी घनश्याम धाकड़  ने कहा कि दलहनी फसलों की वैज्ञानिक खेती अपनाकर किसान उत्पादन बढ़ाने के साथ अपनी आय में भी वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से विभागीय योजनाओं का समय पर लाभ लेने और निर्धारित अवधि में आवेदन करने का आग्रह किया।

कृषि पर्यवेक्षक हरिओम मीणा (बरूंदनी) ने किसानों को तारबंदी योजना, सिंचाई पाइपलाइन योजना, कृषि यंत्रों पर अनुदान, बीज एवं अन्य कृषि योजनाओं की पात्रता, अनुदान प्रक्रिया और ऑनलाइन आवेदन की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया।

प्रशिक्षण में उपस्थित किसानों ने योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर विभागीय अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा योजनाओं का लाभ लेने में रुचि दिखाई।

इस अवसर पर श्यामलाल अहीर, शिवशंकर अहीर, कालूलाल तेली, सांवरिया गुर्जर, भैरूलाल तमोली, राधेश्याम अहीर चन्दशेकर अहीर सहित बड़ी संख्या में किसान एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

फोटो हेडिंगः
बरूंदनी में आयोजित कृषक प्रशिक्षण शिविर में किसानों को आधुनिक खेती एवं कृषि योजनाओं की जानकारी देते कृषि विभाग के अधिकारी।

## विधिक साक्षरता शिविरः न्यायिक मजिस्ट्रेट ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।**




सेंट डी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीण न्यायालय मांडल की न्यायिक मजिस्ट्रेट शहनाज़ खान ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, कानून की जानकारी और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट शहनाज़ खान ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और समाज पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने, अपने मित्रों एवं परिवार के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विषय से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका न्यायिक मजिस्ट्रेट ने विस्तार से जवाब दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।

विद्यालय के निदेशक सी.पी. डीडवानिया ने न्यायिक मजिस्ट्रेट शहनाज़ खान का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से उनके मार्गदर्शन को जीवन में अपनाने, कानून के प्रति जागरूक रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।




# संसारी सत्ता के पीछे दौड़ता है, संत के पीछे सत्ता दौड़ती है - आचार्यश्री रामदयालजी महाराज

## मन को साध लिया तो चातुर्मास सफल, भौतिक संपदा नहीं, भक्ति से महकता है जीवन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**

**मूलचन्द पेसवानी**

अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगद्गुरु आचार्य स्वामी श्री रामदयालजी महाराज ने कहा कि संसारी और संत के जीवन में सबसे बड़ा अंतर उनकी सोच और लक्ष्य का होता है। संसारी जहां कंचन, कामिनी, सत्ता और संपत्ति के पीछे भागता है, वहीं सच्चा संत इन सब आकर्षणों से परे केवल परमात्मा की प्राप्ति को अपना लक्ष्य बनाता है। उन्होंने कहा कि सत्ता, शक्ति, संपत्ति और सौंदर्य जिसके पीछे स्वयं दौड़ें और वह मुड़कर भी न देखे, वही सच्चा संत और साधक कहलाता है।

आचार्य श्री मंगलवार को आयोजित शिवश्व शांति कल्याणश् चातुर्मास के अंतर्गत दैनिक सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उनके ओजस्वी और जीवनोपयोगी प्रवचनों को सुनने के लिए भीलवाड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आचार्य श्री ने कहा कि संत और संसारी की दृष्टि में जमीन-आसमान का अंतर होता है। संसारी सत्ता और संपत्ति को सुख का माध्यम मानता है, जबकि संत सत्ता को संताप और संपत्ति को विपत्ति समझता है। संसारी यह भ्रम पालता है कि सत्ता और धन से उसके सभी कष्ट दूर हो जाएंगे, लेकिन संत जानता है कि वास्तविक सुख केवल ईश्वर की भक्ति और आत्मिक शांति में ही निहित है।

उन्होंने कहा कि अनुभवी संतों ने ठीक ही कहा है कि ष्पाप और पारे को कोई पचा नहीं सकता।ष् यदि कोई व्यक्ति पारा निगल भी ले तो वह शरीर के किसी न किसी अंग को क्षति पहुंचाकर बाहर निकल जाता है। ठीक उसी प्रकार पाप भी कभी छिपता नहीं, उसका परिणाम अवश्य सामने आता है। इसलिए मनुष्य को सदैव धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए।

आचार्य श्री ने मन की चंचलता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि मन चूहे की तरह चंचल होता है। यदि यह चंचल मन राम-नाम रूपी पारा पी ले, अर्थात भगवान के नाम का सतत स्मरण और साधना करे, तो इसकी चंचलता समाप्त होकर मन स्थिर हो जाता है। उन्होंने कहा कि राम-नाम की साधना ही मन को संयमित करने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने कहा कि यदि चातुर्मास के दौरान व्यक्ति अपने मन को साधना सीख जाए तो उसका पूरा चातुर्मास सफल हो जाएगा। मन भौतिक सुख-सुविधाओं और संपत्ति से नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और साधना से महकता है। जिस प्रकार पानी का स्वभाव बहना है, उसी प्रकार मन भी निरंतर बहता रहता है।



लेकिन यदि यह मन बहकने लगे तो जीवन को संकट में डाल देता है।

आचार्य श्री ने कहा कि मनुष्य का लक्ष्य जीवन में बहकना नहीं, बल्कि महकना होना चाहिए। सत्ता हो, संपत्ति हो, सौंदर्य हो या ज्ञानकृइनमें से कोई भी उपलब्धि अहंकार और प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र, समाज और मानवता के कल्याण के लिए उपयोग में आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बहकने का अर्थ है उपलब्धियों को पचा नहीं पाना, जबकि महकने का अर्थ है अपनी उपलब्धियों को समाज और राष्ट्र के हित में समर्पित कर देना।

उन्होंने कहा कि संतों ने सदैव विराट चिंतन कर समाज को विशाल दृष्टि प्रदान की है। संत समाज को जोड़ने, संस्कार देने और मानवता का मार्ग दिखाने का कार्य करते हैं। जीवन और मृत्यु भी प्रकृति का अभिनव अभिनय हैं, इसलिए मनुष्य को मोह-माया में उलझने के बजाय अपने जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करना चाहिए।

इससे पूर्व रामस्नेही सम्प्रदाय के वरिष्ठ संत नरपत रामजी (उदयपुर) ने भी अपने प्रवचनों के माध्यम से धर्म, सेवा और सदाचार का संदेश दिया। सम्प्रदाय के कार्यवाहक भंडारी संत जगवल्लभ रामजी ने भी सत्संग को संबोधित करते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक जीवन अपनाने की प्रेरणा दी।

सत्संग में स्थानीय भंडारी संत खुशीरामजी, संत गौतमरामजी एवं संत जयरामजी का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालु मंजू समदानी ने भावपूर्ण गुरुभक्ति भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

प्रवचन के समापन पर झंवर परिवार, संजय कॉलोनी के सदस्यों ने आचार्य श्री रामदयालजी महाराज की आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन आध्यात्मिक गतिविधियों का क्रम जारी है। सुबह 5 से 6 बजे तक रामधुनी, 8रू30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ तथा 9 से 10 बजे तक दैनिक सत्संग आयोजित किया जा रहा है। वहीं सूर्यास्त के समय होने वाली संध्या आरती में भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# मानसून के रंगों में निखरी प्रतिभाएं, विजेता कलाकारों का हुआ सम्मान

## दीपिका आर्ट अकादमी एवं नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन का आयोजन, 61 प्रतिभागियों ने दिखाई रचनात्मकता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

दीपिका आर्ट अकादमी एवं नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'मानसून आर्ट कॉन्टेस्ट-2026' का समापन समारोह शास्त्रीनगर स्थित अकादमी सेंटर पर उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में 61 बच्चों एवं युवाओं ने भाग लेकर मानसून की सुंदरता, प्रकृति के रंगों और अपनी कल्पनाओं को आकर्षक चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

आयोजक दीपिका पाराशर ने बताया कि प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित की गई थी। मुख्य अतिथि स्पोर्ट्स प्लेयर पूजा ग्लूण्डिया एवं विशिष्ट अतिथि सीमा सांखला ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।




प्रतियोगिता के निर्णायक अतुल पड़िया एवं प्रभुदा घोष ने उत्कृष्ट कलाकृतियों का चयन किया।

मुख्य अतिथि पूजा ग्लूण्डिया ने कहा कि कला बच्चों की रचनात्मकता को नई दिशा देती है और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विशिष्ट अतिथि सीमा सांखला ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नवोदित कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं।

वर्गवार विजेता कक्षा 3 से 5 वर्ग में सोहम बहरवानी (प्रथम), युवराज तिवारी (द्वितीय) एवं इरा ईनानी (तृतीय), कक्षा 6 से 8 वर्ग में मनीष कोली (प्रथम), आराध्या चैधरी (द्वितीय) एवं अविका तातेड़ (तृतीय), कक्षा 9 से 12 वर्ग में मिताली बैरवा (प्रथम), नन्दिनी सोनी (द्वितीय) एवं पोशिका गुरावा (तृतीय), कॉलेज वर्ग में तन्नु धोबी (प्रथम), सुरभि पारिक (द्वितीय) एवं दीपाली राणावत (तृतीय) रही।

समारोह में सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने अतिथियों, निर्णायकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक आयोजनों को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# अष्टानिका महापर्व पर अखंड भक्तामर पाठ शुरू, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

हाउसिंग बोर्ड स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अष्टानिका महापर्व के अवसर पर मंगलवार को विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ अखंड भक्तामर पाठ का शुभारंभ हुआ। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाष्टक, नित्य नियम, पूजन, अभिषेक एवं शांतिधारा से हुई। इसके बाद बैंड-बाजों की धुन के बीच ध्वजारोहण किया गया। साथ ही मुख्य कलश स्थापना, विनायक यंत्र स्थापना, जिनवाणी स्थापना एवं अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। सभी पुण्यार्थियों का श्री महावीर दिगंबर जैन सेवा समिति की ओर से स्वागत किया गया।



मंदिर परिसर में आचार्य मानतुंग की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। ध्वजगीत की प्रस्तुति महिला श्रद्धालुओं ने दी, जबकि कार्यक्रम का संचालन पदमचंद काला, सौरभ शास्त्री एवं सुरेंद्र काला ने किया।

समिति अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में अखंड भक्तामर पाठ में भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की। कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गंगापुर स्कूल में छात्राओं को स्वच्छता और एफएसटीपी की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी की ओर से मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता एवं फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एफएसटीपी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 180 छात्राओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम में एम एंड ई एक्सपर्ट के.के. शर्मा ने स्वच्छता के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी। वहीं सीएमई मनोज श्रीवास्तव ने रायपुर रोड स्थित एफएसटीपी परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि सेप्टिक टैंकों के मल-जल का वैज्ञानिक तरीके से उपचार कर उसे उपयोगी खाद में बदला जाएगा, जिससे गंदगी और प्रदूषण पर रोक लगेगी।

सहायक सामाजिक विकास अधिकारी रेखा खटीक ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता और हाइजीन के प्रति जागरूक करते हुए परिवार और समाज तक इसका संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# विधिक जागरूकता शिविर, विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से किया जागरूक

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**मानव तिवाड़ी** । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा के निर्देशानुसार मंगलवार को नयागांव स्थित श्री विवेक धाकड़ आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे अभियान के तहत आयोजित शिविर में करीब 400 विद्यार्थियों को नशे और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के साथ उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।




तालुका विधिक सेवा समिति बिजोलिया की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों का निर्माण, बिक्री, खरीद, अपने पास रखना अथवा सेवन करना कानूनन अपराध है। उन्होंने अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन, कोकीन, एलएसडी, एमडीएमए, कुछ कफ सिरप और नींद की गोलियों जैसे मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए युवाओं से नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य और भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

शिविर में पैनल अधिवक्ता सुनील जोशी, रीडर गोपेश कुमार शर्मा, पीएलवी रामबाबू माथुर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा, प्रधानाध्यापक सत्यनारायण धाकड़, एडवोकेट रामफूल धाकड़, नरेश सिंह तंवर, दीपक मीणा, मनीष धाकड़, पिंकोश धाकड़, राजूलाल धाकड़ सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# गौ सम्मान आह्वान अभियानः 27 जुलाई को होने वाले महा-अभियान को लेकर जनसंपर्क तेज, संतों महंतों के मार्गदर्शन में टोली ने संभाली कमान!

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

देशभर में गौमाता के सम्मान और संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे 'गौ सम्मान आवाहन अभियान' के तहत आगामी 27 जुलाई को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियां जिले में जोरों पर हैं। इसी कड़ी में सोमवार को भीलवाड़ा जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र वासियों से 27 जुलाई के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आवाहन किया गया। अभियान के तहत जिले के बागोर, करेड़ा, जाटों का निम्बाहेडा ,बीटा, रायपुर, गंगापुर, सहित कई प्रमुख कस्बों और गांवों में सघन जनसंपर्क किया गया। इस दौरान जगह-जगह बैठकें आयोजित कर ग्रामीणों को गौ संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

विशेष जनसंपर्क अभियान में जिला प्रचारक संत परम पूज्य गौ वत्स लाल जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ।




उनके साथ ही अभियान को गति देने के लिए संभाग प्रभारी नंद किशोर साहू, जिला प्रभारी जगदीश तेली और सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी व जिला प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, कार्यक्रम संचालक बाबूलाल टाक, गो भक्त हरीश श्रोत्रिय उपस्थित रहे। बागोर में श्री हनुमान जी मंदिर पर बैठक हुई, करेड़ा में परम पूज्य संत श्री सरजू दास जी महाराज के आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया तथा श्री सरजू दास जी महाराज ने बताया हम गो पद यात्रा का आवाहन करते हुए भजन, कीर्तन करते हुए भीलवाड़ा पहुंचेंगे!

रायपुर बैठक में जैन संत प्रवर्तक मुनि पूज्य सुरेश जी महाराज पावन धाम कोशीथल ने आवाहन करते हुए बताए गाय हमारी जीवन रक्षक है, हम सभी का दायित्व बनता है गौ माता की रक्षा, सेवा, सम्मान के लिए मजबूत अधिनियम बने! जिला प्रचारक संत श्री लाल जी महाराज ने भी उद्बोधित करते हुए कहा गाय बचेगी तो देश बचेगा, मटुनिया महंत शांति दास जी ने भी गौ संरक्षण को आवश्यक बताया! जिला प्रचारक भंवरलाल खारोल ने बताया कि श्री कृष्णा देवनारायण गौशाला गलता से गौ पद यात्रा 25 जुलाई 2026 को प्रातः 4:15 प्रारंभ होगी जिसमें सैकड़ो पदयात्रि भजन कीर्तन करते हुए 27 जुलाई प्रातः भीलवाड़ा पहुंचेंगे, सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया आप अधिकतम संख्या में पधारे! तत्पश्चात कोशीथल में जिला टोली ने गो भक्तों को अधिकतम हस्ताक्षर करवाते हुए भीलवाड़ा पहुंचने का निवेदन किया! गंगापुर नरसिंह द्वारा में बड़ी संख्या में गो भक्तों नागरिक गणों व नारी शक्ति की उपस्थिति में परम पूज्य महंत श्री श्याम सुंदर जी महाराज ने समर्थन करते हुए बताया हम सभी गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए अधिकतम हस्ताक्षरों के साथ बड़ी संख्या में बसों के द्वारा भीलवाड़ा पहुंचेंगे, अंत में संभाग प्रभारी नंदकिशोर साहू ने सभी का आभार धन्यवाद व्यक्त किया! स्मरण :रहे जिला टोली ने गौ माता की रक्षा, सेवा, सम्मान हेतु जिले में सघन अभियान चलाया जिसमें अपार समर्थन मिल रहा है!

जनसंपर्क के दौरान सभी वक्ताओं ने कहा कि गौमाता की रक्षा और सम्मान हर नागरिक का कर्तव्य है, और 27 जुलाई का यह अभियान इस दिशा में सार्थक होगा।

# खेड़ा बड़ माताजी मंदिर में विधि-विधान से हुई मूर्ति स्थापना, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

क्षेत्र के प्रसिद्ध खेड़ा बड़ माताजी मंदिर में मंगलवार प्रातः सवा दस बजे धार्मिक आस्था और श्रद्धा के माहौल में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंडित सत्यनारायण शर्मा एवं गोविंद शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण तथा विधि-विधान के साथ मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न करवाई।

मूर्ति स्थापना के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु एवं ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण कार्य और उसके आगामी विकास को लेकर विचार-विमर्श किया तथा सभी से सहयोग की अपील



की। इस अवसर पर प्रशासक प्रतिनिधि वीरेंद्र मीना, पूर्व सरपंच राकेश खटीक, करनी सेना जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह कानावत, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सेन, भुवाना जी दरोगा, रमेश मेघवंशी, हरिशंकर साहू ,आशीष राज विजय सालवी, मनीष राज, दुर्गालाल मीणा, प्रेमराज रैगर, पुजारी अनिल सालवी, जेपी सालवी सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



धार्मिक आयोजन के सफल आयोजन पर श्रद्धालुओं ने मंदिर समिति को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने की बात कही।

# हेमेंद्र सिंह काछोला बने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता

## राष्ट्रीय नेतृत्व ने सौंपी अहम जिम्मेदारी, संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती शीला सुखदेव सिंह गोगामेडी की अनुशंसा पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह कटार ने हेमेंद्र सिंह काछोला को संगठन का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद हेमेंद्र सिंह काछोला ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें महिपाल सिंह केलवाद, मयूरराज सिंह राठौड़, वीरेंद्र सिंह गुलगांव, अवतार सिंह कोयल, दशरथ सिंह बिलिया, राजेंद्र सिंह गुजरवाड़ा, चंद्रभान सिंह भरणीकला, महेंद्र सिंह बड़ली, धनराज सिंह अमरर्तिया, महेंद्र सिंह खेरूणा, नारायण सिंह बिलाखी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने काछोला को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।



# वृंदावन की छटा में सजेगा श्री सांवरिया सेठ धाम नौगावां, जन्माष्टमी पर होगा भव्य आयोजन

## 4 सितंबर को झांकियां, पुष्प सज्जा, सांस्कृतिक संध्या और विशेष दर्शन व्यवस्था रहेंगी आकर्षण का केंद्र

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**

जन-जन की आस्था का प्रमुख केंद्र एवं भीलवाड़ा शहर से 17 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध श्री सांवरिया सेठ मंदिर, नौगावां में आगामी 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस वर्ष मंदिर परिसर को वृंदावन थीम पर विशेष रूप से सजाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को ब्रजधाम की दिव्य अनुभूति होगी। ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी, प्राकृतिक पुष्पों और मनमोहक झांकियों से सजाया जाएगा। कार्यक्रम प्रमुख आलोक पलोड़, सुनील नवाल एवं सोहनलाल गहलोत ने बताया कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन के तहत आराध्य इवेंट्स के अजय सोनी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित भव्य झांकियां तैयार की जाएंगी, जबकि



वृंदावन के प्रसिद्ध कलाकार पिंटू प्राकृतिक एवं सुगंधित फूलों से विशेष झरोखा और आकर्षक पुष्प सज्जा करेंगे। सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध कलाकार मधुबाला यादव एवं उनकी टीम द्वारा ष्सुदर्शन चक्र की महिमाष् पर आधारित भव्य नाट्य मंचन प्रस्तुत किया जाएगा, जो महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा। जन्माष्टमी व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकार के फलाहारी (सेगारी) व्यंजनों की स्टॉल भी लगाई जाएंगी। महोत्सव की शुरुआत प्रातः 7 बजे भगवान श्री सांवरिया सेठ के दुग्धाभिषेक से होगी। विभिन्न स्थानों से आने वाले पदयात्रियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। देर रात भगवान का मुख्य महाभिषेक संपन्न होगा तथा मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का उल्लासपूर्ण आयोजन होगा। श्रद्धालुओं को सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन उपलब्ध कराने के लिए सत्संग भवन में विशेष दर्शन व्यवस्था की गई है। प्रवेश एवं निकास के लिए रसायनशाला मार्ग निर्धारित किया गया है, जिससे भीड़ का सुचारु संचालन किया जा सके। महोत्सव के सफल संचालन के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं का दायित्व अलग-अलग पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सौंपा गया है। मंदिर दर्शन व्यवस्था की जिम्मेदारी गिरराज अग्रवाल, गिरराज काबरा एवं प्रमुख राकेश खोईवाल की टीम संभालेगी। झांकी दर्शन व्यवस्था के प्रमुख अखिल जाजू तथा संयोजक मोहित त्रिपाठी होंगे। संपूर्ण आयोजन का संयोजन मनीष बहेड़िया करेंगे। भोजन एवं प्रसाद व्यवस्था का दायित्व सोहनलाल गहलोत के संयोजन तथा मदनलाल ठाकुर के मार्गदर्शन में रहेगा। सामग्री क्रय की जिम्मेदारी लीलाधर अग्रवाल निभाएंगे। कूपन वितरण कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश आगाल, भोजन वितरण गोपाल पलोड़ तथा प्रसाद वितरण बबलू सेन करेंगे। टेंट, माइक, लाइट एवं पार्किंग व्यवस्था सुनील नवाल के निर्देशन में होगी। पेयजल व्यवस्था लघु उद्योग भारती के शंभू काबरा, संजीव चिरानिया एवं गिरीश अग्रवाल संभालेंगे। प्रचार-प्रसार का कार्य मुकेश सोनी, कार्यालय एवं पोस्टेज व्यवस्था कैलाश लढा, जबकि स्वच्छता व्यवस्था राकेश तिवारी के जिम्मे रहेगी।

मंदिर ट्रस्ट ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से जन्माष्टमी महोत्सव में परिवार सहित उपस्थित होकर भगवान श्री सांवरिया सेठ के दर्शन एवं महोत्सव का पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

# राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 104 वरिष्ठ नागरिकों का अंग उपकरणों हेतु चिन्हीकरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**

सांसद दामोदर अग्रवाल की अनुशंसा एवं जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार मंगलवार को पंचायत समिति कोटड़ी परिसर में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 60 वर्ष या अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम लिमिटेड (एलिम्को), कानपुर के सहयोग से अंग उपकरण चिन्हीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद ओमप्रकाश पाराशर तथा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जितेन्द्र कुमार व्यास ने किया। शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामअवतार जाट, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नूतन कुमार शर्मा सहित विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे तथा व्यवस्थाओं का संचालन किया। शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के लिए छड़ी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, कमोड चेयर, सिलिकॉन फोम तकिया, नी ब्रेस, स्पाइनल सपोर्ट, सर्वाइकल कॉलर एवं अन्य सहायक उपकरणों के लिए कुल 104 वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हीकरण किया गया। चिन्हित लाभार्थियों को योजना के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

## QUICK BITES

# बाबा अमरनाथ के लिए 16 जनो का जत्था हुआ रवाना

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**




**( सांवर वैष्णव ):-** महाकाल ग्रुप बनकाखेड़ा के द्वारा 16 जनो का जत्था बाबा अमरनाथ के लिए बनकाखेड़ा से सोमवार सायं को रवाना हुआ । कमलेश राव ने बताया कि बनकाखेड़ा गांव से महाकाल ग्रुप के सदस्यों के जत्थे को सोमवार सायं को विशाल तिवारी चांवडिया ने जत्थे के सदस्यों को तिलक लगाकर व माला पहनाकर रवाना किया । यात्रा के दौरान खाटू श्याम, सालासर बालाजी, मां वैष्णो देवी होते हुए अमरनाथ की यात्रा करेंगे । जत्थे मे राजू सोनी, कमलेश राव, अर्जुन प्रजापत, मुकेश सोनी, कालू सोनी, श्याम सिंह, हिम्मत प्रजापत, राकेश तेली, रतन लाल, वेद प्रकाश, नितिन कुमार, सांवर, राहुल, सुनील चोधरी आदि लोग शामिल हैं

# 13 दिवसीय अमरनाथ यात्रा से सकुशल लौटे श्रद्धालु, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**



13 दिवसीय पवित्र अमरनाथ यात्रा पर गए 10 श्रद्धालुओं का दल सकुशल लौट आया। गांव पहुंचने पर श्रद्धालुओं का तिलक, पुष्पवर्षा और फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। मंदिर में दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने यात्रा की सफलता के लिए भगवान का आभार व्यक्त किया।

श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा के दौरान सबसे पहले जम्मू स्थित माता वैष्णो देवी के दर्शन किए गए। इसके बाद पहलगाम और बालटाल बेस कैंप के रास्ते पवित्र अमरनाथ गुफा पहुंचकर बाबा बर्फानी के दर्शन किए। पूरी यात्रा के दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

यात्रा दल के सदस्य राजकुमार गोयल ने बताया कि प्रशासन एवं सेना की ओर से यात्रियों के लिए सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं बेहतर रहीं। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए लंगरों में भोजन और विश्राम की समुचित व्यवस्था होने से यात्रा सुगम रही।

यात्रा दल में राजकुमार गोयल, रतनलाल माली, चंद्रप्रकाश माली, मुरली राजकुमार माली, रतनी देवी माली, रेखा देवी माली, सीमा देवी माली, निक्की और सीता देवी माली सहित कुल 10 श्रद्धालु शामिल थे। ग्रामीणों ने बाबा बर्फानी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और सभी के मंगल की कामना की।

# श्री सीमेंट का ग्राहक सम्मेलन आज, अधिकारियों से सीधा संवाद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत** । गृह निर्माण के क्षेत्र में उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता और मजबूत तालमेल देने के उद्देश्य से आज शहर में एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। बांगड़ सीमेंट और श्री सीमेंट कंपनी द्वारा भीलवाड़ा में अपने आशियाने का निर्माण करवा रहे घर मालिकों और ग्राहकों के लिए आज ब्लू बेरी रिसोर्ट में एक आपसी चर्चा कस्टमर मीट का कार्यक्रम रखा गया है।ग्राहकों की समस्याओं का मौके पर होगा समाधान इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य कंपनी और उपभोक्ताओं के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान घर निर्माण कर रहे ग्राहकों से सीधे बातचीत की जाएगी, जहां वे सीमेंट की गुणवत्ता, उपयोग के तरीके और निर्माण के दौरान आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों को साझा कर सकेंगे। आपसी तालमेल के माध्यम से ग्राहकों की शिकायतों को सुना जाएगा, उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिए जाएंगे और तकनीकी टीम द्वारा मौके पर ही उनका त्वरित समाधान किया जाएगा।कंपनी के शीर्ष अधिकारी रहेंगे मौजूद कार्यक्रम की महत्ता को देखते हुए कंपनी का शीर्ष प्रबंधन इस बैठक में हिस्सा ले रहा है। आयोजन में मुख्य रूप से शामिल होने वाले अधिकारी इस प्रकार हैं:दिनेश जोशी स्टेट हेड - सेल्स विकास चौरसिया स्टेट हेड - टेक्निकल विनोद कुमावत रीजनल हेड इसके साथ ही कंपनी के स्थानीय व क्षेत्रीय अधिकारी मुकुंद चौधरी, विवेक मालू, सौरभ दाधीच, हर्षित अजय एवं पुनीत भी मौजूद रहकर उपभोक्ताओं की तकनीकी शंकाओं को दूर करेंगे।'बांगड़ मैग्ना' और 'रूफॉन' सीमेंट के उपभोक्ताओं पर रहेगा फोकसइस चर्चा में विशेष रूप से उन ग्राहकों को आमंत्रित किया गया है जो वर्तमान में अपने सपनों का घर बनाने के लिए कंपनी के प्रीमियम प्रोडक्ट्स बांगड़ मैग्ना एवं रूफॉन सीमेंट का उपयोग कर रहे हैं। तकनीकी विशेषज्ञ इन दोनों सीमेंट श्रेणियों की खूबियों, छत ढलाई के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और मजबूत निर्माण के वैज्ञानिक तरीकों के बारे में भी लाइव जानकारी देंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।